मुझे दर्शन दे गई माँ कल रात सोते सोते

मुझे दर्शन दे गई माँ, कल रात सोते सोते
मुझे दर्शन दे गई माँ, कल रात सोते सोते
फिर बीती रात मेरी, माँ से बात होते होते,
माँ से बात होते होते,
मुझे दर्शन दे गई माँ,
मुझे दर्शन दे गई मां।

मुझे याद है अभी भी, वो रात का नज़ारा,
वो रात का नज़ारा,
माँ सामने खड़ी थी, आभास होते होते,
फिर बीती रात मेरी, माँ से बात होते होते,
माँ से बात होते होते,
मुझे दर्शन दे गई माँ........

जैसी सामने ये मुरत, वैसी ही मैंने देखी,
वैसी ही मैंने देखी,
मैं तो चरणों में पड़ा था,
मैं तो चरणों में पड़ा था, यूँ निहाल होते होते,
फिर बीती रात मेरी, माँ से बात होते होते,
माँ से बात होते होते,
मुझे दर्शन दे गई माँ.......

वो गीले वो सारे शिकवे, जो जरा मैं माँ से कहता,
जो जरा मैं माँ से कहता,
सब भूलते ही जाते,
सब भूलते ही जाते, मुझे याद होते होते,
फिर बीती रात मेरी, माँ से बात होते होते,
माँ से बात होते होते,
मुझे दर्शन दे गई माँ.......

मुझे गोद में बिठाया, और प्यार से माँ बोली,
और प्यार से माँ बोली,
तूँ तो अब भी रो रहा है, मेरे पास होते होते,
मेरे पास होते होते,
फिर बीती रात मेरी, माँ से बात होते होते,
माँ से बात होते होते,
मुझे दर्शन दे गई माँ, कल रात सोते सोते
कल रात सोते सोते
फिर बीती रात मेरी, माँ से बात होते होते,
माँ से बात होते होते ,
मुझे दर्शन दे गई माँ,
मुझे दर्शन दे गई मां........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24138/title/mujhe-darshan-de-gayi-maa-kal-raat-sotey-sotey

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |